Prabat Khabar — 10/11/17

स्वामी चिदानंद गिरी ने किया स्कूल भ्रमण

रांची. योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/सेल्फ रियलाइजेशन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद गिरी का अमेरिका से योगदा सत्संग विद्यालय में आगमन हुआ. गुरुवार को विद्यालय का भ्रमण किया. साथ ही बेल के पौधे भी लगाये. साथ ही 10वीं के छात्र रोहित कुमार व कक्षा नौ के मोहित कुमार को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया. मोहित को यह सम्मान योग के क्षेत्र में काम करने और रोहित को जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रथम पुरस्कार पाने के लिए दिया गया. मौके पर स्वामी स्मरणानंद गिरी व अन्य लोग मौजूद थे.

बेल का पौधा लगाते स्वामी चिदानंद गिरी.